# NIT Hamirpur Hosts a Successful

# Alumni Meet–2026 and Silver Jubilee Reunion of the 2001 Batch

The National Institute of Technology (NIT) Hamirpur successfully organized a two-day **Alumni Meet–2026** along with the **Silver Jubilee Reunion of the 2001 Batch** on 5th and 6th June 2026. The event witnessed enthusiastic participation from over 100 Alumni from India and abroad, besides faculty members, staff, and students of the institute.

The meet provided a vibrant platform for reconnecting alumni with their alma mater, sharing professional experiences, strengthening institutional bonds, and exploring opportunities for collaboration in academics, research, innovation, placements, entrepreneurship, and student development.

Addressing the gathering as Chief Guest, **Prof. H. M. Suryawanshi, Director, NIT Hamirpur**, appreciated the remarkable achievements of the alumni and their continued association with the institute. He emphasized that alumni are among the strongest pillars of an academic institution and play a vital role in enhancing its national and global standing. He encouraged alumni to contribute through industry-academia collaborations, support for innovation and startups, and international outreach. Congratulating the Silver Jubilee Batch of 2001, he expressed confidence that their rich professional experience would greatly benefit future generations of students. He also appreciated the excellent placement record of the current NIT Hamirpur students in leading organizations.

**Dr. Archana Santosh Nanoty, Registrar, NIT Hamirpur**, warmly welcomed the alumni and congratulated the organizing team. She highlighted the importance of nurturing lifelong relationships between graduates and the institute and noted that alumni achievements serve as a source of inspiration for present students while strengthening the institute's reputation and legacy.

In his detailed address, **Prof. Ashwani Kumar Chandel, Dean (Alumni & Resources)**, outlined the vision for strengthening alumni engagement at NIT Hamirpur. He stressed the need for structured alumni participation in mentoring, internships, placements, industry interactions, collaborative research, entrepreneurship promotion, and career guidance. He called upon alumni to actively contribute their expertise, professional networks, and resources for the holistic growth of the institute and the development of its students.

**A Silver Jubilee Memoir of the 2001 Batch** was unveiled by the dignitaries. The memoir, edited by **Dr. Gargi Khanna, Associate Dean (Alumni)**, captures the memories, achievements, and enduring bond of the alumni with their alma mater over the past twenty-five years and was widely appreciated by all.

**Er. Rakesh Prashar, President, NIT Hamirpur Alumni Association**, presented a comprehensive framework for strengthening the branding and visibility of NIT Hamirpur through the alumni-driven initiative **PRIDE**. He explained **PRIDE** as: **Perception Building and Branding of the Institute (NITH), Reaching Maximum Alumni, Integrating Industry-Institute-Academia partnerships, Developing Alumni-supported Funding mechanisms, and Enabling a seamless Alumni experience with NIT Hamirpur.** He emphasized leveraging the collective strength of alumni across industries, academia, government, and entrepreneurship to create greater opportunities for students, faculty, and the institute.

On Day-2 of the Meet, **Dr. Somesh Sharma, Training and Placement Officer (TPO)**, conducted an interactive session highlighting ways in which alumni can support student employability through internships, placements, mentorship, career guidance, entrepreneurship support, skill development initiatives, and industry partnerships. The Alumni enthusiastically promised and look forward to extend all possible support in these initiatives.

The afternoon sessions were held in the **Various Academic Departments**, where alumni interacted extensively with faculty and students. Discussions focused on collaborative research, innovation projects, technology development, industry-sponsored activities, curriculum enrichment, and mentorship initiatives. These interactions opened new avenues for departmental growth and enhanced opportunities for students.

The Alumni Meet–2026 was well planned and meticulously organized under the leadership of **Prof. Ashwani Kumar Chandel, Dean (Alumni & Resources)**, **Dr. Gargi Khanna, Associate Dean (Alumni)**, **Dr. Pawan Sharma, Dean (Student Welfare)**, and **Dr. Bharat Bhushan Sharma, Associate Dean**, with dedicated support from the Faculty In-Charge Alumni Cell—**Dr. Vandana Sharma, Dr. Jyoti Srivastava, and Dr. Amit Kaul, and their team**.

The event concluded with a vote of thanks by **Dr. Parwaal, Secretary, NIT Hamirpur Alumni Association**, who expressed gratitude to the Director, Registrar, Dean (Alumni & Resources), alumni, faculty, staff, students, and all stakeholders for their active participation and support. On behalf of the Alumni he extended all appreciation for the warm hospitality given by NIT Hamirpur during the meet.

**The two-day event proved highly enriching and productive**, benefiting alumni, faculty, staff, and students alike. The deliberations reinforced the shared commitment of NIT Hamirpur and its Alumni community toward academic excellence, innovation, societal impact, and the continued growth and global recognition of the institute.

## एनआईटी हमीरपुर में

## पूर्व छात्र सम्मेलन-2026 और 2001 बैच की रजत जयंती पुनर्मिलन का सफल आयोजन

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर ने 5 और 6 जून, 2026 को दो दिवसीय **पूर्व छात्र सम्मेलन-2026 और 2001 बैच के रजत जयंती पुनर्मिलन** का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों के अलावा भारत और विदेश से 150 से अधिक पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस सम्मेलन ने पूर्व छात्रों को अपने शिक्षण संस्थान से पुनः जुड़ने, व्यावसायिक अनुभवों को साझा करने, संस्थागत संबंधों को मजबूत करने और शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, प्लेसमेंट, उद्यमिता और छात्र विकास में सहयोग के अवसरों की खोज करने के लिए एक जीवंत मंच प्रदान किया।

मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए, **एनआईटी हमीरपुर के निदेशक, प्रो. एच. एम. सूर्यवंशी** ने पूर्व छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और संस्थान के साथ उनके निरंतर जुड़ाव की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूर्व छात्र किसी भी शैक्षणिक संस्थान के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक हैं और इसकी राष्ट्रीय और वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पूर्व छात्रों को उद्योग-अकादमिक सहयोग, नवाचार और स्टार्टअप को समर्थन देने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपर्क स्थापित करने के माध्यम से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। 2001 के रजत जयंती बैच को बधाई देते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनका समृद्ध पेशेवर अनुभव भावी छात्रों की पीढ़ियों के लिए बहुत लाभदायक होगा। उन्होंने प्रमुख संगठनों में वर्तमान एनआईटी हमीरपुर के छात्रों के उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड की भी सराहना की।

एनआईटी हमीरपुर की **रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना एस. नानोती** ने पूर्व छात्रों का हार्दिक स्वागत किया और आयोजन टीम को बधाई दी। उन्होंने स्नातकों और संस्थान के बीच आजीवन संबंधों को पोषित करने के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि पूर्व छात्रों की उपलब्धियां वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और साथ ही संस्थान की प्रतिष्ठा और विरासत को मजबूत करती हैं।

अपने विस्तृत संबोधन में, **डीन (पूर्व छात्र एवं संसाधन) प्रो. अश्वनी कुमार चंदेल** ने एनआईटी हमीरपुर में पूर्व छात्रों की सहभागिता को मजबूत करने के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने परामर्श, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट, उद्योग जगत के साथ संवाद, सहयोगात्मक अनुसंधान, उद्यमिता प्रोत्साहन और कैरियर मार्गदर्शन में पूर्व छात्रों की सुनियोजित भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पूर्व छात्रों से संस्थान के समग्र विकास और छात्रों के उत्थान के लिए अपनी विशेषज्ञता, पेशेवर नेटवर्क और संसाधनों का सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

गणमान्य व्यक्तियों द्वारा 2001 बैच के रजत जयंती संस्मरण का अनावरण किया गया। **एसोसिएट डीन (पूर्व छात्र) डॉ. गार्गी खन्ना द्वारा संपादित** यह संस्मरण, पिछले पच्चीस वर्षों में पूर्व छात्रों की स्मृतियों, उपलब्धियों और संस्थान के साथ उनके अटूट बंधन को दर्शाता है और उपस्थित लोगों द्वारा इसकी व्यापक रूप से सराहना की गई।

**एनआईटी हमीरपुर पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष इं. राकेश प्रशार** ने पूर्व छात्रों द्वारा संचालित पहल **PRIDE** के माध्यम से एनआईटी हमीरपुर की ब्रांडिंग और दृश्यता को मजबूत करने के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने **PRIDE** को इस प्रकार समझाया: संस्थान की छवि निर्माण और ब्रांडिंग, अधिकतम पूर्व छात्रों तक पहुंचना, उद्योग-संस्थान-अकादमिक साझेदारी को एकीकृत करना, पूर्व छात्रों द्वारा समर्थित वित्तपोषण तंत्र विकसित करना और NIT हमीरपुर के साथ पूर्व छात्रों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित करना। उन्होंने छात्रों, शिक्षकों और संस्थान के लिए अधिक अवसर सृजित करने के लिए उद्योगों, शिक्षा जगत, सरकार और उद्यमिता में पूर्व छात्रों की सामूहिक शक्ति का लाभ उठाने पर जोर दिया।

सम्मेलन के दूसरे दिन, **प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी (टीपीओ) डॉ. सोमेश शर्मा** ने एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया, जिसमें पूर्व छात्रों द्वारा इंटर्नशिप, प्लेसमेंट, मेंटरशिप, करियर मार्गदर्शन, उद्यमिता सहायता, कौशल विकास पहलों और उद्योग साझेदारी के माध्यम से छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया। पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक वादा किया और इन सभी पहलों में समर्थन देने के लिए तत्पर हैं।

दोपहर के सत्र **विभिन्न शैक्षणिक विभागों** में आयोजित किए गए, जहाँ पूर्व छात्रों ने संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ व्यापक रूप से संवाद किया। चर्चाओं में सहयोगात्मक अनुसंधान, नवाचार परियोजनाएं, प्रौद्योगिकी विकास, उद्योग-प्रायोजित गतिविधियाँ, पाठ्यक्रम संवर्धन और मेंटरशिप पहलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन संवादों ने विभागीय विकास के नए रास्ते खोले और छात्रों के लिए अवसरों को बढ़ाया।

**प्रोफेसर अश्वनी कुमार चंदेल, डीन (पूर्व छात्र एवं संसाधन), डॉ. गार्गी खन्ना, एसोसिएट डीन (पूर्व छात्र), डॉ. पवन शर्मा, डीन (छात्र कल्याण) और डॉ. भरत भूषण शर्मा, एसोसिएट डीन** के नेतृत्व में पूर्व छात्र सम्मेलन-2026 का सुचारु आयोजन किया गया, एवं संकाय प्रभारी (पूर्व छात्र) **डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव और डॉ. अमित कौल, तथा उनकी टीम** का इसमें पूर्ण सहयोग रहा।

कार्यक्रम का समापन **एनआईटी हमीरपुर पूर्व छात्र संघ के सचिव डॉ. परवाल** द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने निदेशक, रजिस्ट्रार, पूर्व छात्रों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, छात्रों और सभी हितधारकों को उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने पूर्व छात्रों की ओर से, इन दो दिनों के दौरान NIT हमीरपुर द्वारा की गई शानदार मेहमाननवाज़ी के लिए दिल से आभार व्यक्त किया।

यह दो दिवसीय **कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक और फलदायी सिद्ध हुआ**, जिससे पूर्व छात्रों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों सभी को लाभ हुआ। विचार-विमर्श ने एनआईटी हमीरपुर और इसके पूर्व छात्र समुदाय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार, सामाजिक प्रभाव और संस्थान के निरंतर विकास एवं वैश्विक मान्यता के प्रति साझा प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया।